Headline: NSE, NSI to train agents in savings concepts	
Source: Amar Ujala	Date: 06 August 2015

एनएसई से प्रशिक्षित होंगे राष्ट्रीय बचत संगठन के एजेंट

नई दिल्ली (ब्यूरो)। देश में छोटी बचत को प्रोत्साहन देने में जुटे केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के राष्ट्रीय बचत संगठन (एनएसआई) के एजेंटों को देश के अग्रणी राष्ट्रीय शेयर बाजार (एनएसई) की तरफ से प्रशिक्षण मिलेगा। इसके लिए दोनों पक्षों के बीच एक करार हो गया है। प्रशिक्षण की शुरूआत दिल्ली से हो गई है।

एनएसई की ओर से यहां जारी एक बयान के मुताबिक राष्ट्रीय बचत संगठन के एजेंटों के लिए जागरुकता कार्यक्रम संचालित करने की जिम्मेदारी उन्हें मिली है। ये एजेंट भारत में छोटी बचत के प्राथमिक वितरक होते हैं और वे देश भर में फैले डाकघरों और चुनिंदा बैंकों के जरिये काम करते हैं। इन्हें वित्तीय क्षेत्र और बचत अवधारणा के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण से उन्हें वित्त बाजार के कुछ अन्य उत्पादों जैसे एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) को आम जनता तक ले जाने में सफलता मिल सकती है। एनएसई ने नई दिल्ली में बुधवार को 2 जीपीओ और 10 मुख्य डाकघरों से जुड़े लगभग 100 वितरकों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एनएसई की एमडी-सीईओ चित्रा रामकृष्ण के मुताबिक इस कार्यक्रम का उद्देश्य वित्तीय नियोजन और बचत के लिए आम लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना और एजेंटों में पूंजी बाजार से जुड़े उत्पादों को लेकर जागरूकता फैलाना है।